12. Bhaishajya Ratnawali with Vidyotani Hindi commentary by Shri Ambika Dutta Shastri, 11th Edition, 1993, Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi.
13. Dravya Guna Vigyana II by Acharya P.V.Sharma, 2nd Edition, 1998, Chaukhambha Bharti Academy, Varanasi.
14. Indian Medicinal Plants by K.R.Kirtikar & Basu, 2nd Edition, 1975, M/S Bishen Singh, Mahendra Pal Singh, Dehradun.
15. Indian Materia Medica by Dr. K.M.Nadkarni, Vol. I, 3rd Edition, Popular Prakashan, Bombay.
16. Journal of American Diabetes Association, 2002.
17. Nighantu Adarsh by Vaidya V. Bapalal, Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi.
18. Yoga Ratnakara with Vidyotani Hindi commentary by Vaidya Laxmipati Shastri, 1973, Chaukhambha Sanskrit Series, Varanasi.
19. The API Medicine Update by Prof. B.B. Thakur, vol. X, Jan.2000, API, Mumbai.
20. Sharangdhara Samhita by Acharya Radha Krishna Parashar, 3rd Edition, 1984, Sri Baidyanath Bhawan Pvt. Ltd. Nagpur.
21. Diabetes Mellitus for Practioners by Arvinda Godbole.
22. Davidson's Principles & Practice of Medicine by C.R.W.Edwards, I.A.D.Bouchier, 16th Edition, 1992, Churchill Livingstone, New York.

Dr. Ganga Sahay Pandey Memorial U.G. Essay Competition- 2018 (Silver Medal Second Prize Winner)

रोगों के निदान और प्रबन्धन में षड्क्रियाकाल की प्रासंगिकता

– हिमांशु गुप्ता

e-mail : himanshumahajanom111@gmail.com.

''षड्धातुज है चिकित्सीय पुरुष
षड्ऋतु है जीवन काल
षड् रस प्रधान हाते हैं औषधि द्रव्य
चिकित्सा का आधार है षड्क्रियाकाल''

''यह कथन स्पष्ट करता है कि चिकित्सा अर्थात् रोगों के निदान (diagnosis) प्रबन्धन (management) में षड्क्रियाकाल का विशेष महत्व है।''

परिचय –

षड्क्रियाकाल यह प्रायः तीन शब्दों से मिलकर बना है।

(1) षड् (Six In Number)

(2) क्रिया (Action Or Treatment)

(3) काल (Time Or period/ stage)

अर्थात् वह षड्क्रियायें जिनका योगदान व्याधि की अवस्थाओं में हो, इन अवस्थाओं को सम्प्राप्ति (Pathogenesis) या व्याधि विनिश्चय/निदान (diagnosis) एवं चिकित्सा (Treatment) की अवस्थाओं से समझ सकते हैं, क्योंकि किसी व्याधि की उत्पत्ति अवस्थानुसार (Stage by Stage) होती है, एवं उसके लक्षण भी अवस्थानुसार उत्पन्न होते हैं और चिकित्सा भी अवस्थानुसार ही की जाती है।

अतः इस षड्क्रियाकाल को चिकित्सा का अवसर भी कहा जाता है।

"Prevention is better than cure"

अतः रोगों के प्रबन्धन की अपेक्षा रोगों की रोकथाम करना ही स्वास्थ्य का विशिष्ट सिद्धान्त है। रोगों की रोकथाम प्रबन्धन का यह प्रथम आयाम यह है कि क्रियाकाल औषधि, अन्न, विहार की अपेक्षा करता है। संतुलित आहार (Balance Diet)– यथा अल्पमात्रा में शुद्ध एवं पाचन उपरान्त आहार का ग्रहण करना। निद्रा, ब्रहमचर्य, व्यायाम के नियम का नियमित पालन करना, तनाव मुक्त रहते हुए अधारणीय वेगों का त्याग तथा धारणीय वेगों को धारण करना।

जब लक्षणोत्पत्ति (Manifestation) हो तो प्रोटोकॉल तैयार करना एवं दिनचर्या–ऋतुचर्या का पालन करना आदि रोगों की रोकथाम में सहायक होता है एवं साथ ही व्यक्ति को आरोग्यता प्रदान करता है। व्याधि के आरम्भ काल (Early stage of Disease) में रोग विनिश्चय या निदान (Diagnosis) कर लेना भी रोकथाम या प्रबन्धन का आयाम है।

''आयुर्वेदिक दृष्टि से रोगों एवं सम्प्राप्ति की अवस्थाओं को समझना भी एक कला है। सिर्फ रोगों को समझना ही नहीं, उचित व्याधि विनिश्चय या निदान (Diagnosis) को बनाना पड़ता है।'' किसी भी चिकित्सा पद्धिति के लिए सम्प्राप्ति (Pathogenesis) या क्रियाकाल की प्रत्येक अवस्था का महत्व है। व्याधि के प्रबन्धन एवं निदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए भी आवश्यक है। हमारा मानना है कि यदि रोगों का विनिश्चय/निदान (Diagnosis) आरम्भिक अवस्थाओं (Early Stages) में करके व्याधि की रोकथाम

**B.A.M.S., Final Year, Major S.D. Singh P.G. Ayurvedic College & Hospital, Farukhabad*

की जाये तो अन्य उपद्रवों से बचा जा सकता है एवं अनावश्यक औषधि द्रव्यों के सेवन, मानसिक व शारीरिक तनाव एवं अनावश्यक प्रकार से नष्ट किये जाने वाले समय इत्यादि से बचा जा सकता है। यह क्रियाकाल की योगदान के विना सम्भव नहीं है।

'या क्रिया व्याधिहारिणी सा चिकित्सा निगद्यते'

व्याधि के हरण/नाश करने की क्रिया को चिकित्सा कहते है, जस समय अवस्था में चिकित्सा की जाती है उसे काल कहते है। अतः क्रियाकाल कहते है। शारीरिक दोष धातु मल का वैषम्य व्याधि है, इन वैषम्य अवस्था को साम्यावस्था में करने वाली क्रिया चिकित्सा है, रोगों की वह अवस्था जिस समय वैद्यक कर्म किया जाये उसे क्रियाकाल कहते हैं। 'आचार्य सुश्रुत मत–व्याधि की उत्पत्तिक्रम एवं अवस्थाओं में किये जाने वाले प्रतिकार की अवस्थाओं को क्रियाकाल कहते है।'

क्रियाकाल को सम्प्राप्ति भी कहते है। सम्प्राप्ति (Pathogenesis) षड्क्रियाकाल ''संचय च प्रकोपं च'' में सम्पूर्ण विकार परम्परा का समावेश सम्प्राप्ति में ही हो जाता है। निदान सेवन के पश्चात दोष–दुष्टि होकर लक्षण उत्पत्ति पर्यन्त सम्पूर्ण व्याधि जनक व्यापार परम्परा को सम्प्राप्ति कहते है। अर्थात व्याधि के अभ्यान्तर दोष–दूष्य विकृति क्रम को सम्प्राप्ति कहते हैं, इसका ज्ञान रोग विनिश्चय तथा चिकित्सा में सहायक होता है। आधुनिक चिकित्सा शास्त्र में शारीर अन्तर्गत वैकारिक परिवर्तन को सम्प्राप्ति (Pathogenesis) कहते हैं, इसका अध्ययन विकृति विज्ञान (Pathogy) के अन्तर्गत विस्तार पूर्वक किया जाता है। रोगों के प्रधान या सहायक पूर्व रोग लिंग (Sex) आयु (Age) काल, रोगाणु (Bacteria/Virus) या आहार विहार एवं तद्जन्य शरीरान्तर्गत परिवर्तनों की सम्पूर्ण परम्परा Pathogenesis के अन्तर्गत आती है।

''व्याधि उत्पत्ति क्रम एवं वृद्धि की प्रक्रिया में षड्क्रियाकाल'' सबसे पहले हमें यह जानना चाहिए कि रोग किस प्रकार से उत्पन्न होते है और किस प्रकार से वृद्धि होती है। हम जानते है कि किसी रोग की उत्पत्ति एवं वृद्धि में हेतुओं/कारणों (Causative Factor's) का योगदान होता है। आधुनिक मतानुसार उत्पन्न होने वाले रोग के उत्पादक कारण जिन्हें Causative Factor's कहते है। इन रोग उत्पादक कारणों (Causative Factor's) को आयुर्वेद ने निदान/हेतु कहा जाता है, निदान का षड्क्रियाकाल की अवस्थाओं से सम्बन्ध स्पष्ट रुप से होता है। इसके लिए पहले हमें निदान को समझना होगा। निदान जिसका अभिप्राय है, जो कर्तव्य की अनेकताओं से युक्त हो तथा रोग उत्पन्न करने की क्षमता रखता हो उसे निदान कहते हैं। कर्तव्य की अनेकता का मतलव है कि दोषों का संचय, प्रकोप, प्रसर, स्थान संश्रय आदि दूष्य दौर्बल्य एवं स्त्रोतो वैगुण्य की क्षमता रखता हो उसे निदान कहते है। अतः संचय प्रकोप करने वाले आहार–विहार के कारण वह दोष जो स्वतः दूषित होकर दूष्यों को दूषित कर रोग उत्पन्न करें निदान कहलाते है। अतः रोग उत्पत्ति में संचय–प्रकोप आदि का यागेदान/सम्बन्ध स्पष्ट है।

रोग उत्पत्तिकारक निदान दो प्रकार का होता है–

1–बाह्य निदान /आगुन्तक हेतु (External Causative Factors) वह कारण बाह्य हो और शरीर में रोग उत्पत्तिकारक हो –

धूल (Dust)	धूम (Smoke)	कण (Particles)	जीवाणु (Bacteria & Virus)	बाह्य आघात (Injuries)	दूषित आहार (Contaminated Food)

2– आभ्यान्तर निदान/निज हेतु (Internal Causative Factors) –

वह कारण जो आभ्यान्तर हो उस शरीर में रोग उत्पत्ति कारक हो। जब वात, पित्त, कफ दोष स्वतन्त्र रुप से, द्वन्दज, सान्निपातज या मिश्रित रुप से विकृति में कारण हो।

व्याधि की प्रक्रिया (Process of Disease)

यहां व्याधि उत्पत्तिक्रम की 6 अवस्थाओं के माध्यम से व्याधि की उत्पत्ति को समझा जा सकता है।



यहां पर एक TAP दिखाया गया है जिसे निदान सेवन बताया गया है, जो रुक्ष, शीत, आहार आदि असाध्य रोगों या जो दोष प्रकोप निदानों का सेवन करते है। वह अपने स्थान पर संचित हो जाता है। यहां हमने वात दोष का उदाहरण लिया है, वात दोष का मुख्य स्थान पक्वाशय (Colon) बताया गया है जब वात दोष संचित होता है तब मुख्य स्थान पक्वाशय में संचित (Accumulate) हो जाता है। जब अधिक संचित होता है तब प्रकोप (Provocation) हो जाता है। यहां जो दोष होते है वह अपने Container में एक क्षमता से अधिक बढ़ जाते है। प्रसर में दोष खवैगुण्य की ओर Move करते है। ख–वैगुण्य (Empty Space) जहां खाली स्थान मिलता है वहां दोष Accumulate होकर, यहां पूरे शरीर में दोषों का Circulation होता है। जब खवैगुण्य प्राप्त होता है, तब वहां दोष संश्रित होते है यहां पर जानु संधि (Knee Joint) का उदाहरण लिया गया है। जब वात दोष को Space Knee Joint में मिलता है तब वह धातु (Tissue) की क्रियाओं (Function) को प्रभावित करता है।

व्यक्तावस्था में Qualitative Changes मिलते है। यह Aggressive Quality of Dosha के कारण धातुओं की Normal Quality को परिवर्तित कर देते है। जिससे हमें एक Pathological Condition प्राप्त होती है। यह निर्भर करता है कि कौन सा दोष दूषित हुआ है, उसके आधार पर Sign & Symptom मिलते है। जैसे– वात का गुण शीत है यह Joint में जड़ता/Stiffness को create करता है, रुक्षता के कारण यह Articular Surface में Cracking करता है। Sometimes यह Joint में शोथ को उत्पन्न करता है। इससे होने वाली समस्या का पता चलता है कि भेदावस्था में (Differentation) में Structural Changes मिलते है। इसमें Joint और Surrounding Tissue दोनों प्रभावित होते है।

Six Stages of Evolution of A Disease

सचंय च प्रकोपं च प्रसरं स्थान संश्रयम् ।
व्यक्ति भेदश्च यो वेत्ति दोषाणां स भवेत् भिषक्।।

जो वातादि दोषों का संचय, प्रकोप, प्रसर, स्थानसंश्रय, व्यक्ति/व्यक्त, और भेद को जानता है वही यथार्थ वैद्य होता है।

1	संचय अवस्था	Stage of Accumulation Of Dosha
2	प्रकोप अवस्था	Stage Of Vitiation of Dosha/ Provocation
3	प्रसर अवस्था	Stage Of Spreading / Stage Extension of Disease
4	स्थानसंश्रय अवस्था	Stage of Deposition
5	व्यक्त अवस्था	Stage Of Disease Manifestation
6	भेद अवस्था	Differnention/ Stage of Chronicity &Complication

दो प्रकार से हम क्रियाकाल की अवस्थाओं को विभाजित कर समझ सकते हैं।

1– प्रथम तीन अवस्थाओं संचय, प्रकोप, प्रसर को हम Prepathogenesis or Physiological State कह सकते हैं।

2– अन्तिम तीन अवस्थाओं को स्थानसंश्रय, व्यक्तावस्था, भेदावस्था को हम Pathogenisis or Phatological State कह सकते हैं।

षड्क्रियाकाल के ज्ञान से चिकित्सक को निम्न लाभ मिलते है–

1– किसी रोग का शीघ्र व्याधि विनिश्चय/निदान (Diagnosis) करने में।

2– किसी रोग के परिणाम (Prognosis) जानने की दृष्टि से।

3– रोग प्रक्रिया को पुनः स्वास्थ्य की ओर मोड़ने में

4– प्रतिषेधात्मक (Preventive) अथवा चिकित्सात्मक (Curative) उपायों (Measures) का यथोचित प्रयोग करने की दृष्टि से।

सचंयवस्था (Stage of Accumulation of Dosha)

'चयोवृद्धि'

''संहति रुप वृद्धि को चय या संचय कहते है। संचय का अर्थ है एकत्रित होना।'' दोषों का अपने स्थान पर बढ़ना संचय कहलाता है। दोषों का स्वस्थान में संचित होने का कारण निदान सेवन आदि है। दोषों की अपने समान गुण कर्म वाले आहार–विहार के सेवन से अपने–अपने स्थानों में जो वृद्धि होती है तथा शरीर में बाहर से प्रविष्ट विष/जीवाणु (Toxins, Bacteria, Virus) का शरीर में अनुकूल परिस्थति पाकर जो वृद्धि होती है उसे संचय कहते है। जिन कारणों से दोषों का संचय हुआ है उन कारणों (आहार–विहार) से विपरीत गुण वाले आहार–विहार के सेवन की इच्छा होना, यह सामान्य लक्षण सभी दोषों के संचय होने पर होता है।

दोष संचय के सामान्य हेतु –

दोष	ळेतु
वात	उष्ण युक्त रुक्ष आहार–विहार
पित्त	शीत युक्त तीक्ष्ण आहार–विहार
कफ	शीत युक्त स्निग्ध आहार–विहार

दोष संचय हेतु विशिष्ट स्थान

दोष	विशिष्ट स्थान
वात	पक्वाशय
पित्त	पक्वाशय– आमाशय के मध्य
कफ	आमाशय
रक्त	यकृत–प्लीहा

सचंय के प्रकार **1. स्वाभाविक संचय–**

(क) नैमित्तिक (ख) आवस्थिक

दोष	ऋतु	अवस्था
वात	ग्रीष्म	वृद्धावस्था
पित्त	वर्षा	युवावस्था
कफ	हेमन्त	वाल्यावस्था

2. अस्वाभाविक संचय –

प्रज्ञापराध, मिथ्या आहार–विहार इत्यादि के कारण होता है यह काल की अपेक्षा नहीं करता।

सचंय अवस्था में दोषानुसार उत्पन्न होने वाले लक्षण –

वात	पित्त	कफ	रक्त
कोष्ठ में भारीपन (Heavyness in abdomen)	नेत्र मल त्वचा में पीलापन (Yellowish Colouration of Eye, Stool & Skin)	अंगों में भारीपन (Heavyness of Body)	उष्णता की **स्थिती**
स्तब्धता (Stiffness in abodomen)	उष्णता (Rise in Temprature)	आलस्य (Laziness)	–
पूर्णता (Distented abdomen)	पिपासा (Thirst)	–	–

रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में संचयावस्था की प्रांसगिता –

यह क्रियाकाल की प्रथम अवस्था है। आयुर्वेद का व्यापक सिद्धान्त है कि दोषों की साम्यावस्था आरोग्यकारक है एवं वैषम्यता विकृतिजन्य है।

यद्यपि चिकित्सक को इस अवस्था में दोषों के द्वारा होने वाले परिवर्तन अर्थात दोष वृद्धि किस स्थान पर हुई, क्या लक्षण है, किस कारण से हुई ज्ञात लक्षण से संचित दोष का ज्ञान है तो उत्पद्यमान विकार के विनिश्चय या निदान (Diagnosis) और प्रबन्धन (Management) में अधिक सहायता मिलेगी, क्योंकि प्रत्येक दोष के अपने लक्षण एवं स्थान व काल है, जो विकार के ज्ञान में सहायक है।

आधुनिक मतानुसार यदि मनुष्य के शरीर में प्रवेश करने वाले Bacteria & Virus का स्व–स्व काल, स्व–स्व लक्षण एवं स्व–स्व मार्ग हाते हैं। जैसे Aedes Aegypti जो कि Dengue का Virus है और यह Rainy season के समय या बाद में Transmit करता है। यदि संचयावस्था में विकारों का प्रतिकार कर दिया जाय तो उत्तरोत्तर गति की प्राप्ति नहीं होगा एवं बल का नाश नहीं होगा। अतः रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में संचयावस्था की प्रांसगिता स्पष्ट होती है।

प्रकोपावस्था (Stage Of Vitiation of Dosha/ Provocation)

''कोपस्तू उन्मार्गगामिता''

''विलयन रुपा वृद्धि प्रकोप''

यह क्रियाकाल की द्वितीय अवस्था है, जिसमें विलयन रुप में दोषों की वृद्धि होती है, इस विलयन स्वरुप वृद्धि को प्रकोप कहते है। अतः यदि दोषों का निर्हरण संचय अवस्था में नहीं किया जाता, तब वह अधिक वृद्धि के कारण प्रकुपित होकर उन्मार्गगामी हो जाते हैं अर्थात् स्व स्थान से अन्य स्थान पर जाकर लक्षण उत्पत्ति करते है, जिसके परिणाम स्वरुप शरीर अस्वस्थ हो जाता है रोग उत्पत्ति की सम्भावना बढ़ जाती है।

प्रकोपक हेतु (Aggrevative/ Provocative Factors)

दोषों के प्रकोपक आहार– विहार आदि कारणों को कहते है।

वात प्रकोपक आहार–विहार एवं काल

आहार	शीतवीर्य द्रव्य, शुष्क साग, शुष्क मांस इत्यादि
विहार	अतिव्यायाम, अतिमैथुन, आध्वगमन,, अनशन, अध्यशन, विषमाशन, वात, मल–मूत्र आदि के वेग धारण इत्यादि
काल	**वर्षा–ऋतु**, ठण्डे समय, घर्मान्ते अर्थात मेघ के समय, अधकि हवा चलने पर एवं भोजन के जीर्ण होने के पश्चात इत्यादि

पित्त प्रकोपक आहार–विहार एवं काल

आहार	अम्ल, लवण, तीक्ष्ण, उष्ण, विदाही अन्नपान एवं सुरा, कांजी, दधि तक्र इत्यादि
विहार	क्रोध, शोक, भय, परिश्रम, उपवास, स्त्रीसंभोग इत्यादि
काल	**शरद–ऋतु**, उष्णकाल, मेघान्ते, मध्यान्ह, अर्द्धरात्रि, भोजन पचने के समय इत्यादि

कफ प्रकोप आहार–विहार एवं काल

आहार	मधुर, अम्ल, लवण, शीत, गुरु, स्निग्ध अन्नपान एवं दूध, खीर, गुड़ इत्यादि
विहार	दिवास्वप्न, आलस्य एवं व्यायाम व परिश्रम न करना इत्यादि
काल	**वसन्त–ऋतु,** शीतकाल, पूर्वान्ह, भुक्तमात्र अर्थात भोजन करते समय इत्यादि

रक्त प्रकोपक आहार–विहार एवं काल

आहार	पित्त प्रकोपक आहार–विहार का निरंतर सेवन करने से तथा द्रव, स्निग्ध, गुरु आहार सेवन से
विहार	दिवास्वप्न, अग्नि और सूर्य की गर्मी, चोट लगना अजीर्ण, अध्यशन इत्यादि
काल	वात आदि दोषों के विना रक्त कभी भी कुपित नहीं होता, इसलिए उसके प्रकोप का काल दोषों के अनुसार होता है

प्रकोपावस्था के प्रकार

1–चयपर्वूक प्रकोप– यह दो प्रकार का होता है (क) स्वाभाविक चय प्रकोप (ख) अस्वाभाविक प्रकोप (अपथ्यज या काठिन्यज प्रकोप)

2– अचयपूर्वक प्रकोप– इसे पथ्यनिमित्तज प्रकोप भी कहते हैं क्योंकि यह ऋतुचर्या में वर्णित पथ्याहार सेवन करने के पश्चात भी होता है।

प्रकोप अवस्था में उत्पन्न होने वाले लक्षण

वात	पित्त	कफ
कोष्ठ में सुई चुभोने सी पीडा (Pricking Sensation)	अम्लीय–उद्गार (Acidic Belching)	अरुचि (Anorexia)
वायु का कोष्ठ में संचरण (Sound in the avdomen/ Feeling of Air Movement)	दाह (Burning Sensation)	अन्नद्वेष (Aversoon of Food)
–	पिपासा (Thirst)	जी मिचलाना (Nausea)

रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में प्रकोपावस्था की प्रासंगिकता –

संचय अवस्था में प्रतिकार न करने पर यह द्वितीय अवस्थाकाल होता है, यद्यपि प्रकोपावस्था में रोग विनिश्चय या निदान (Diagnosis) करना है तो पूर्वावस्था के लक्षणों के साथ–साथ प्रकोपावस्था में होने वाले परिवर्तन एवं उत्पन्न होने वाले लक्षण सहायक होगें और निर्दिष्ट चिकित्सा को प्रकोप की स्थिति को ध्यान में रखते हुये किया जाता है।

चयपर्वूक प्रकोप में संशोधन चिकित्सा द्वारा दोषों का निर्हरण निकटस्थ मार्ग द्वारा करते हैं एवं अचयप्रकोप में संशमन चिकित्सा द्वारा प्रकुपित दोष को शातं कर देना चाहिए। ऋतुचर्या के नियम का पालन भी किया जाता है जिससे रोग की उत्पत्ति नहीं होती है क्योंकि ऐसा आहार–विहार का त्याग करें जो पूर्व संचित दोषों की वृद्धि करे जैसे वर्षाकाल में वात की वृद्धि होती है। यदि पहले से वात वृद्धि की अवस्था हो तो उस समय रुक्ष, शीत, आहार,–विहार का ग्रहण न करें। क्योंकि ऐसा करने से दोष अत्यन्त प्रकुपित हो जायेगा और प्रसरावस्था की ओर अग्रेषित हो जायेगा, अतः ऋतुचर्यागत नियमों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

प्रसरावस्था (Stage Of Spreading / Stage Extension of Disease) –

प्रकुपित वातादि दोषों का द्वितीयकाल में प्रतिकार न किया जाय, तो दोष प्रसरावस्था में उस प्रकार पहुंच जाते है, जिस तरह किण्व (सुराबीज) पिष्ट (तण्डुलपिष्ट) और पानी इन्हें परस्पर संयुक्त कर एक रात रखने से इनमें झाग उत्पन्न होकर पात्र के बाहर निकलते है, उसी तरह बलवृद्धि ग्रहादि कारणों से कुपित हुए दोषों में उद्वेग उत्पन्न होकर उनका प्रसार होता है।

इनमें से वायु चेतना रहित होने पर भी गतिशील होने से इनके प्रसरण में कारण होता है क्योंकि वायु रजोगुण बहुल होती है तथा रजोगुण सभी भावों का प्रवर्तक होता है। जिस प्रकार तालाब में जल वृद्धि होने पर सेतु को तोड़कर दूसरी ओर स्थित जलाशय के जल से मिलकर चारों ओर बहने लगता है, इसी तरह वातादि दोष भी अधिक संचित और प्रकुपित होकर अपने आशयरुपी मर्यादाओं का उल्लघंन कर कभी अकेले, कभी दो–दो, कभी त्रिदोष या कभी रक्त को भी साथ लेकर विविध प्रकार से शरीर में फैलते है।

प्रसरावस्था से प्रभावित होने वाले स्थान (Effected Sites)

सम्पूर्ण शरीर (Whole Body), आधे शरीर, अवयव विशेष (Specific organs) इत्यादि जहां भी दोष अधिक कुपित होकर फैलता है वहां विकार उत्पन्न करता है, जैसे आकाश में जहां भी बादल होता है, वहीं वर्षा करता है, यदि दोष अधिक कुपित नहीं होते है, तो वे शरीर के स्त्रोतस आदि मार्गो में छिप कर स्थित हो जाते हैं तथा उन दोषों की चिकित्सा न की जाये तो कालान्तर में प्रकोपक कारणों को प्राप्त हो पुनः रोग उत्पन्न करेंगे।

प्रसर अवस्था में उत्पन्न होने वाले लक्षण

वात	पित्त	कफ
विमार्गगमन (Regurgitation)	ओष व चोष (Sense of Boiling & Squeezing)	अरुचि (Anorexia)
आटोप (Flatulene and gurgling sounds in Bowels)	परिदाह (Burning Sensation)	अविपाक (Dyspepsia)
–	धूमायन (Feeling as if the Body is Boiling)	छर्दि (Vomiting)
–	–	अंगसदन (Inactivity of organ/ Bodyache)

प्रसरावस्था के भेद

प्रसरावस्था के 15 भेद होते है –

एकदोषज –04	द्वन्दज –06	त्रिदोषज –04	अन्य – 01
वातज	वातपित्तज	वातपित्तकफ	वातपित्तकफरक्त
पित्तज	वातकफज	वातकफरक्त	–
कफज	पित्तकफज	पित्तकफरक्त	–
रक्तज	वातरक्तज	वातपित्तरक्त	–
–	कफरक्तज	–	–
–	पित्तरक्तज	–	–

प्रसरावस्था में दोषों की गति –

जब दोष प्रसरावस्था में पहुंचते है तो वह निम्न गतियां करते है वह जिस गति में जाते है। उसी

दिशा में रोग उत्पन्न करते है, एवं यह व्याधि उत्पत्ति की महत्वपूर्ण अवस्था है।

1– उर्ध्वगति

2– अधोगति

3– तिर्यकगति

उर्ध्वगति (Upward Movement)–इसमें दोष ऊपर की ओर गति करते हुये उर्ध्वजत्रगुत विकार उत्पन्न करते है।

1– उन्माद (Insanity/Mania)

2– अपस्मार (Epilepsy)

3– श्वास एवं कास (Dyspnoea & Cough)

अधोगति (Downward Movement)–इस अवस्था में दोष नीचे की तरफ गति करते है।

1– अतिसार (Diarrhoea)

2:– श्लीपद (Filariasis)

तिर्यकगति (Crosswards Movement)–इस अवस्था में दोष तिर्यक गति करते हुये विकार उत्पन्न करते है।

1–त्वचागत विकार (Skin Diseases)

2– आक्षेपक (Hysteria)

रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में प्रसरावस्था की प्रासंगिकता–

प्रकोपावस्था में विकारों का प्रतिकार अर्थात् दोष निर्हरण न करने पर दोष प्रसरित हो जाते है और तृतीय काल के लक्षण प्रकट हो जाते है। इन लक्षणों एवं गतियों को ध्यान में रखते हुये रोग विनिश्चय/निदान (Diagnosis) की जाती है तथा व्याधिजनक ज्ञान होने पर उसकी चिकित्सा की जाती है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा में प्रसरावस्था में विशिष्ट चिकित्सीय सिद्धान्त के द्वारा रोगों का प्रबन्धन करते है–

जैसे– यदि वात पित्त के स्थान में पहुंचे, तो उसकी चिकित्सा पित्त के समान करते है एव कफ के स्थान में गये पित्त की चिकित्सा कफ के समान करते है। वायु के स्थान में गये कफ की चिकित्सा वायु के समान करनी चाहिए।

स्थानसंश्रयावस्था (Stage of Deposition)

''स्थानंसंश्रयिणः क्रुद्धा भाविव्याधि प्रबोधकम्''

इस अवस्था में उत्पन्न होने वाली व्याधि का ज्ञान होता है अर्थात् इस अवस्था का सामजंस्य पूर्वरुप की अवस्था से कर सकते है।

इस अवस्था का तात्पर्य है किसी स्थान पर दोषों का आश्रित हो जाना। अतः प्रसरावस्था को प्राप्त हुए दोषों की चिकित्सा न करने पर प्रसृत हुये दोष फैलते हुए स्त्रोत में विगुणता उत्पन्न कर शरीर के किसी स्थान या अवयव विशेष में रुकते है। वहां एक या एक से अधिक धातुओं एवं मलों को दूषित कर एवं उनके साथ मिलकर स्थानानुरुप रोग को उत्पन्न करते है। इस प्रकार के दोष–दूष्य के संयोग को ही दोषदूष्य सम्मूर्च्छना कहते है। दोषों का स्थानसंश्रय जिस–जिस स्थान में होता है, उस स्थान के अनुसार लक्षण उत्पन्न होते है–

वस्ति में स्थानसंश्रय करने पर –

1– अश्मरी (Stone)

2– प्रमेह (Diabetes)

3– मूत्र संस्थान गत रोग (Urinary Tract Diseases)

उदर में स्थान संश्रय करने पर –

1– गुल्म (Tumour)

2– जलादेर (Ascitis)

गुदमार्ग में स्थान संश्रित होने पर –

1– भगन्दर (Fistula)

2– अर्श (Piles)

अतः कुपित हुये दोष समस्त शरीर मे फैलते है एवं स्त्रोतस के जिस किसी स्थान पर अवरोध या खवैगुण्य होता है, उसी स्थान पर स्थानसंश्रय कर रोगोत्पत्ति करते है।

रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में स्थान संश्रय की प्रासंगिकता –

यह स्पष्ट है कि यह अवस्था रोग की पूर्वरुप के अवस्था के समान है, प्रत्येक व्याधि के अपने विशिष्ट स्थान एवं पूर्वरुप होते है। जिस संस्थान (System) या अवयव (Organs) में दोष प्रसर होकर स्थानसंश्रित होते है, तद्गत होने वाली व्याधि के पूर्वरुप (Presymptom) व्यक्त होते है, जो व्याधि के निदान (Diagnosis) में अत्यन्त सहायक होते है। व्याधि के निदान के पश्चात उसी के आधार पर चिकित्सा/प्रबन्धन किया जाता है। जैसे– शुकपूर्णगलास्यता, कण्ठ में कण्डू, भोजन का अवरोध होने पर कास व्याधि की ओर संकेत मिलता है।

व्यक्तावस्था (Stage of Disease Manifestion) व्याधि का स्पष्ट रुप से व्यक्त हो जाना ही अभिव्यक्ति है, यह व्याधि दर्शनावस्था है। पूर्वरुपावस्था में यदि चिकित्सा की जाये तो रोग के समस्त लक्षण पूर्णतया व्यक्त हो जाते है। इसे रूपावस्था भी कहते है। लक्षणों के प्रकट हो जाने से रोग किसी विशेष नाम से जाना जाता है।

1– प्रभूत–आविलमत्रूता से प्रमेह व्याधि ज्ञान होना आधुनिक मतानुसार Poly dypsea, Poly phagia, Poly uria इन लक्षणों से Diabetes रोग का ज्ञान होना।

2– श्वासावरोध (Dysponea), उरः प्रदेश में शूल (Chest Pain), आत्रंकूजन, विना परिश्रम थकान (Fatigue) बार–बार कास (Cough) का होना इत्यादि लक्षणों के व्यक्त होने से श्वांस गत रोग होने का ज्ञान होना।

3– संताप होने पर ज्वर।

4– नेत्र (Eye), Mucous membranes और त्वचा (Skin) पर पीलापन होने से कामला (Jaundice) का ज्ञान होना।

इस अवस्था को 'व्याधि दर्शनावस्था' भी कहते है, यह चिकित्सा का पांचवा काल है।

रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में व्यक्तावस्था की प्रासंगिकता

लक्षणों (Symptoms) की उत्पत्ति व्याधि के ज्ञान में सहायक है, लक्षणों के आधार पर निदान (Diagnosis) करना अत्यन्त आसान है। जिस प्रकार किसी व्यक्ति का वजन कम हो जाने पर (Weight Loss) और रात्रि के समय स्वेद की प्रवृत्ति (Night Sweat) अपराह्न (Evening Time) समय में संताप बढ़ने पर (Evening Time eas Fever) और कास के साथ बलगम (Cough with Sputum) इन लक्षणों के व्यक्त होने पर राजयक्ष्मा रोग का निदान (Diagnosis) करते है एवं सहायक अन्य प्रक्रियाओं के साथ इनका प्रबन्धन/चिकित्सा की जा सकती है। अतः व्यक्तावस्था का निदान एवं प्रबन्धन में विशेष महत्व है।

''यहां प्रकृति स्थान भेद एवं कारण विशेष को जानकर चिकित्सा करें।''

भेदावस्था

(Stage of Chronicity & Complication)

यह अवस्था षड्क्रियाकाल की अन्तिम अर्थात् छठवीं अवस्था है, जब व्यक्तावस्था में व्याधि का प्रतिकार किया जाता है तो बढ़े हुए दोष रूक जाते है, यदि चिकित्सा न की जाये तो दोष अग्रिम क्रियाकाल में प्रवेश कर जाते है। यदि इस अवस्था

का सामंजस्य असाध्य अवस्था (Stage of Chronicity) या उपद्रव अवस्था (Stage of Complication) से किया जाये तो यह निदानार्थकर व्याधि की उस अवस्था से करते है जहां यदि निदान से उत्पन्न होने वाले लक्षण की चिकित्सा न करने पर रोग की उत्पत्ति हो तो उस रोग का प्रतिकार न होने पर एक रोग दूसरे रोग को उपद्रव स्वरूप उत्पन्न करता है। यह भेदावस्था का ही स्वरूप प्रतीत होता है, जैसे– दिवास्वप्न आदि हेतुओं से प्रतिश्याय (Cold) की उत्पत्ति होती है, प्रतिश्याय से कास (Cough) और कास से क्षय (Tuberculosis) रोग की उत्पत्ति होती है। आचार्य सुश्रुत ने निम्न उदाहरण दिये हैं–

शोथजन्य विकार– (Inflammatory Disorders) जब व्रण शोथ–विद्रधि (Abscess) यदि इन रोगों की चिकित्सा न की जाये तो विदीर्ण होकर व्रण भाव (Scars) को प्राप्त हो जाते है।

अन्य विकार – (Other Disorders)

इस प्रकार ज्वर, अतिसार आदि दीर्घकाल तक चिकित्सा न करने पर जीर्ण होकर भेदावस्था में आ जाते है। यह चिकित्सा का अन्तिम काल है यदि इस अवस्था में भी चिकित्सा न की जाये तो रोग असाध्य (Incurable) हो जाता है एवं मृत्यु (Death) भी हो सकती है। इस अवस्था में सम्प्राप्ति के भेदों के अनुसार रोगों की जाति का स्पष्ट भेद किया जा सकता है, यथा उक्त रोग में किस दोष की प्रधानता है, इस आधार पर वातज, पित्तज, कफज भेद किया जा सकता है।

इस अवस्था में रोगों की असाध्यता (Incurabilty) याप्यता (Prognosis) का ज्ञान सम्भव रहता है। इसे (Irreversible Stage) भी समझ सकते है।

रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में भेदावस्था की प्रांसगिकता–इस अवस्था में व्याधि विनिश्चय अर्थात् निदान (Diagnosis) स्पष्ट रूप से होता है। यद्यपि इतिवृत्त (History) को भी लिया जाय तो लक्षण व्यक्त से लेकर उपद्रव तक के निदान (Diagnosis) आसानी से हो जायेंगे। हम जानते है कि प्रत्येक व्याधि के स्व–स्व उपद्रव होते है अतः यह अवस्था निदान (Diagnosis) में सहायक होती है।

उदाहरण (For Example) –

1– आधुनिक मतानुसार– Arthritis में उत्पन्न होने वाले उपद्रव (Complication) –

(i) Swan neck deformity (DIP Flexion)

(ii) Z- Deformity (In Thumb PIP Flexion)

Mumps (कर्णमूल शोथ) में उत्पन्न उपद्रव (Complication) –

(i) Bilateral Orchitis

(ii) Oophritis

(iii) Pancreatitis

यह व्याधि के निदान (Diagnosis) में सहायक होते है। अतः रोग के आधार पर निर्देशित चिकित्सा की जाती है। क्योंकि प्रबन्धन (Managment) हमेशा रोगविनिश्चय / निदान (Diagnosis) की अपेक्षा करता है। यहां भेदावस्था की प्रासंगिकता स्पष्ट रुप से दिखती है।

क्रियाकाल का चिकित्सा में योगदान –

1. दोषवैषम्य जन्य क्रियाकाल को सूक्ष्म वृद्धि से जान लेने पर दोष की संचयावस्था में ही प्रतिकार का उपाय कर देने से विकार शांत हो जाते है एवं रोग के उत्पन्न होने की सम्भावना समाप्त हो जाती है। अतः रोग उत्पत्ति तथा रोग के उन्मूलन के लिये छह क्रियाकालों का ज्ञान आवश्यक है।
2. रोगी की अन्तरात्मा में प्रवेश कर तथा सूक्ष्म वृद्धि से परीक्षण कर इन 6 क्रियाकालों को जाना जाता है। इनमें प्रथम तीन अवस्थायें सूक्ष्म वृद्धि द्वारा ही ग्राह्य है।

3. क्रियाकालों का सम्यक ज्ञान रोग के आरम्भ में ही विनिश्चयार्थ (Early Diagnosis) साध्य–असाध्य विवेचन (Prognosis), अनागत बाधा प्रतिषेध (Prophylactic Treatment) तथा आगतबाधा प्रतिषेध (Curative Treatment) के लिए महत्वपूर्ण है।

4. क्रियाकाल के व्यतीत हो जाने पर तथा क्रियाकाल के पूर्व ही औषधि प्रयोग लाभप्रद नहीं होता, क्योंकि काल ही औषधि प्रयोग को सिद्धि प्रदान करता है।

5. व्याधियों की विभिन्न अवस्थाओं का ज्ञान प्राप्त कर तत्काल क्रिया की व्यवस्था श्रेयष्कर है। यथा ज्वर की आमावस्था में लंघन आदि द्वारा पाचन व्यवस्था करना श्रेष्ठ है। इस समय शोधन करने का उचितकाल नहीं होता है। चिकित्साकाल के उपस्थित नहीं होने पर चिकित्सा करने से तथा चिकित्सा काल उपस्थित होने पर चिकित्सा नहीं करने से साध्य रोग भी अच्छे नहीं होते है।

6. शीत में शीत का प्रतिकार तथा उष्ण में उष्णता का प्रतिकार कर प्राप्त चिकित्सा काल में चिकित्सा व्यवस्था अवश्य करनी चाहिये। चिकित्सा के उपस्थित अवसर की उपेक्षा कदापि नहीं करना चाहिए।

षड्क्रियाकाल में चिकित्सीय विधान

क्रियाकाल	चिकित्सा	
संचय, प्रकोप, प्रसर	हेतु विपरीत चिकित्सा–	दोषप्रत्यनीक चिकित्सा
स्थानसंश्रय –	दोष एवं दूष्य चिकित्सा –	उभयप्रत्यनीक चिकित्सा
व्यक्तावस्था –	दोष एवं व्याधि की विशिष्ट चिकित्सा –	उभयप्रत्यनीक चिकित्सा
भेदावस्था –	जीर्ण व्याधि की विशिष्ट चिकिसा –	व्याधि प्रत्यनीक चिकित्सा

चिकित्सा का मुख्य उद्देश्य सम्प्राप्ति विघटन करना है। रागे उत्पत्ति की प्रक्रिया को खत्म करने के लिए चिकित्सा की जाती है अतः चिकित्सा तीन प्रकार से की जाती है।

1– दोष प्रत्यनीक

2– व्याधि प्रत्यनीक

3– दोष व्याधि प्रत्यनीक

जब दोषदूष्य सम्मूर्च्छना के अनुसार लक्षणोंत्पत्ति हो अर्थात् प्रकृति समसमवेत मूर्च्छना हो तो दोषप्रत्यनीक चिकित्सा करनी चाहिए।

जब दोषदूष्य सम्मूर्च्छना के अनुसार लक्षणोंत्पत्ति न होकर कुछ और लक्षण उत्पन्न हो (विकृतिसमसमवेत सम्मूर्च्छना) तब उस व्याधि के अनुसार "व्याधिप्रत्यनीक" चिकित्सा करनी चाहिए।

निदान परिवर्जन या दोषों का शोधन या शमन करना दोष प्रत्यनीक चिकित्सा है तथा किसी व्याधि के शमन के लिये विशिष्ट औषध या चिकित्सा का प्रयोग व्याधि औषध चिकित्सा है अर्थात दूष्यों को ठीक करना, दोष प्रत्यनीक चिकित्सा तथा दोषदूष्य सम्मूर्च्छना को भंग करना व्याधि प्रत्यनीक चिकित्सा है।

दाषे प्रत्यनीक चिकित्सा –

किसी रोग के सम्प्राप्तिकाल की अवस्थाओं में दोष प्रत्यनीक चिकित्सा करना सम्प्राप्ति विघटन हो जाता है

नामात्मज विकारों (वात 80, पित्त विकार 40, तथा कफज 20 विकारों) में दोषप्रत्यनीक चिकित्सा करनी चाहिए।

प्रकृति समसमवेत सम्मूर्च्छना में दोषानुसार औषधों के रस गुण वीर्य विपाक का ध्यान कर उनका प्रयोग करना चाहिए। दोषानुसार उनके शमन के लिए औषध प्रयोग करना दोष प्रत्यनीक चिकित्सा है।

दोषों को ही सभी रोगों का प्रारम्भिक कारण मानकर दोष प्रत्यनीक चिकित्सा करना चाहिए। सभी रोगों का कारण मदांग्नि होती है इसके अनुसार प्रत्येक रोग में दीपन पाचन चिकित्सा करना दोष प्रत्यनीक चिकित्सा है।

व्याधि प्रत्यनीक चिकित्सा

किसी व्याधि की विशिष्ट चिकित्सा ''व्याधि प्रत्यनीक'' चिकित्सा है

दैवव्यपाश्रय चिकित्सा को भी व्याधि प्रत्यनीक चिकित्सा कहा जाता है।

प्राणवह स्त्रोतस पर कनकासव, कास में वासावलेह, हृदय रोग में अर्जुनारिष्ट, कृमि में विडंग आदि का प्रयोग व्याधि प्रत्यनीक चिकित्सा है।

चरक चिकित्सा में वर्णित ज्वरघ्न, श्वासघ्न आदि महाकषायों का उल्लेख व्याधि प्रत्यनीक चिकित्सा है।

शल्य चिकित्सा भी व्याधि प्रत्यनीक चिकित्सा है। यद्यपि शस्त्रकर्म से पूर्व एवं पश्चात दोष प्रत्यनीक चिकित्सा की जाती है।

सारांश (Conclusion)

क्रियाकाल को सम्प्राप्ति भी कहते हैं।

↓

सम्प्राप्ति 'पंचनिदान' का भेद है।

↓

'पंचनिदान' को रोग परीक्षा भी कहते हैं।

↓

क्रियाकाल के ज्ञान से 'पंचनिदान' का स्वरुप प्रतीत होता है।

↓

यह परीक्षा व्याधि विनिश्चय (Diagnosis) के लिए उपयोगी है।

↓

व्याधि विनिश्चय (Diagnosis) के पश्चात् ही चिकित्सा सम्भव है।

↓

अतः सम्प्राप्ति (Pathogenesis) व्याधि के निदान या विनिश्चय (Diagnosis) में सहायक है।

↓

आयुर्वेदक के चिकित्सा सिद्धान्त ''सक्षेपतः क्रियायोगे निदानं परिवर्जनम्'' अर्थात निदान (Causative factor) का परित्याग ही चिकित्सा है।

↓

इस प्रकार से क्रियाकाल को सम्प्राप्ति कहा जाता है।

↓

क्रियाकाल ही चिकित्सा का काल है।

↓

रोगों के निदान एवं प्रबन्धन में षड्क्रियाकाल का विशेष योगदान है।

परिषद् समाचार

संगोष्ठी सम्पन्न

विश्व आयुर्वेद परिषद, प्रयाग इकाई की मासिक बैठक दिनांक 22/9/2019 को परिषद की प्रयाग इकाई के अध्यक्ष डा० एस. एस. उपाध्याय की अध्यक्षता में डॉ० वी. बी. सिंह एवं डा० रंजना सिंह के गोविंदपुर स्थित आवास में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में परिषद् के काशी प्रांत के अध्यक्ष डॉक्टर पी एस पाण्डेय, प्रयाग इकाई के उपाध्यक्ष डॉ जे नाथ, महासचिव डॉ एम डी दुबे, संयोजक डॉ बी. एस. रघुवंशी, निवर्तमान अध्यक्ष डा० शंकर मिश्रा, डॉ० वी बी सिंह, डा० (श्रीमती) रंजना सिंह, श्री दीनानाथ जायसवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आगामी महर्षि धन्वंतरि एवं महर्षि भारद्वाज जयंती एवं परिषद के स्थापना दिवस मनाने संबंधी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुआ। वर्षा ऋतु में नमी के कारण त्वचा एवं खुजली सम्बन्धी रोगों सहित कुष्ठ रोग के लक्षण, प्रकार, बचाव, निदान/उपचार पर उपस्थित आयुर्वेदाचार्यों ने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए। उपरोक्त विषयों के अतिरिक्त अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संगोष्ठी एवं शिष्योपनयन संस्कार का आयोजन

दिनांक 29/09/2019 को सेवा भारती सचल चिकित्सालय, गोरखपुर के माननीय नवल किशोर जी क्षेत्र सेवाप्रमुख एवं महेंद्र अग्रवाल जी विभाग संघ चालक के मार्गदर्शन में दो स्थानों पर चिकित्सा व्यवस्था देखी गई।

प्रथम कैम्प –उत्तरी भाग– मनीराम विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान एवं द्वितीय कैम्प–दक्षिणीभाग– सिक्टोर, गुलाब सहाय प्रशिक्षण विद्यालय, जंगल अयोध्या (गोरक्ष प्रान्त) पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क औषधि वितरण हेतु आयोजित हुआ। इस कैम्प में सहयोगी चिकित्सक के रूप में वैद्य वी. बरनवाल जी, वैद्य ज्वाला प्रसाद जी उपस्थित रहे। इस शिविर में सचल चिकित्सालय से अनंत जी, सूरज जी, दुर्गेश जी, ब्रजेश जी, विनय जी, भुवन जी, राकेश जी आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

माधव सेवा प्रकल्प चंदापुर, लोहता में आयुष चिकित्सालय प्रारम्भ

विश्व आयुर्वेद परिषद एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 6/10/2019 को माधव सेवा प्रकल्प, चन्दापुर, लोहता, वाराणसी मे आयुष चिकित्सालय एवं पंचकर्म केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। इस शुभ अवसर पर भगवान धनवन्तरि का पूजन कार्यक्रम माननीय रमेश जी, प्रान्त प्रचारक काशी प्रान्त एवं प्रो0 सत्येन्द्र प्रसाद मिश्र, पूर्व संस्थापक कुलपति उत्त्राखण्ड विश्वविद्यालय के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विश्व आयुर्वेद परिषद् के राष्ट्रीय सम्पर्क प्रमुख डॉ कमलेश कुमार द्विवेदी, वैद्य मनीष मिश्र, वैद्य पी. एस. व्याडगी, वैद्य अरूण कुमार द्विवेदी सहित सैकड़ों की संख्या में वैद्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें। इस प्रकल्प में प्रतिदिवस आयुर्वेद विद्या का बहिरंग चिकित्सालय उसी दिवस से प्रारम्भ हुआ तथा एक पंचकर्म चिकित्सा केन्द्र भी निर्माणाधीन है, जो यथाशीघ्र जनता की सेवा में समर्पित होगा।

विश्व आयुर्वेद परिषद अयोध्या की नई कार्यकारिणी की घोषणा

विश्व आयुर्वेद परिषद अवध प्रांत की एक बैठक अयोध्या/फैजाबाद मे हनुमत नर्सिंग एवं फार्मेसी इंस्टीट्यूट के सभागार मे दिनांक 14 सितंबर, 2019 को डॉ अजयदत्त शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। डॉ. पंकज श्रीवास्तव सचिव, अयोध्या ने संचालन किया। स्थानीय इकाई को कुछ सेवा कार्य प्रारम्भ करने हेतु प्रेरित किया गया। अयोध या जनपद में स्थित हनुमत इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज परिसर में विश्व आयुर्वेद परिषद अवध प्रांत के पदाधिकारियों डॉ वाचस्पति त्रिवेदी ,डॉ.बी पी सिंह ,वैद्य अजय दत्त शर्मा, डॉक्टर इंद्रेश कुमार सिंह ,डॉ प्रवीण कुमार मिश्र, डॉ आर एन राठौर की सादर उपस्थिति में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए हनुमत इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी के प्राचार्य डॉ पंकज श्रीवास्तव द्वारा परिषद गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही भगवान धन्वन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक एवं संरक्षक डॉ आर डी यादव, सहित वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक धर्मेंद्र श्रीवास्तव कार्यालय सहायक अलंकेश्वर राव,राम गुलाम, छात्रा कल्पना सिंह ,माया, प्रिंसी, सरस्वती कुमारी, प्रीति गौतम , नितिन उपाध्याय,प्रशान्त कुमार, राहुल राणा ,संजना यादव, रूपम यादव डॉ महेंद्र चक्रवर्ती सहित अनेक चिकित्सक गण उपस्थित रहे। समारोह का संचालन करते हुये हनुमत इस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी के प्राचार्य डॉ पंकज श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित सभी चिकित्सक बंधुओं से आयुर्वेद चिकित्सा के विकास हेतु एकजुट होकर कार्य करते रहने का संकल्प कराया गया एवं सदैव एक दूसरे का सहयोग करते रहने का आह्वान किया गया। अयोध्या (उ.प्र.) में विश्व आयुर्वेद परिषद, अवध प्रांत की प्रथम बैठक में परिषद के सम्मानित पदाधिकारियों के सान्निध्य मे नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें वर्ष 2019 – 20 के लिए निम्नलिखित पदाधिकारी चुने गए।

संरक्षक मंडल –डॉ राजेश पांडेय, डॉ. जय प्रकाश तिवारी, अध्यक्ष–डा. आनंद उपाध्याय, उपाध्यक्ष– डॉ रत्नेश पांडेय, सचिव – डॉ. पंकज श्रीवास्तव (जिला शाखा संस्थापक) कोषाध्यक्ष–धर्मेंद्र श्रीवास्तव (एडवोकेट) विशेष कार्यकारिणी सदस्य– डॉ आकांक्षा सिंह, डॉ अरविंद निगम, डॉ आर.पी. गुप्ता, रामदास, डॉ अजय गुप्ता, डा. अरुण प्रकाश गुप्ता, डॉ विजय प्रकाश दुबे, डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ हनुमान प्रसाद तिवारी, डॉ अनुराग सिंह, छात्र प्रकोष्ठ संयोजक– अमर विश्वकर्मा, छात्रा प्रकोष्ठ संयोजिका – कु. प्रिंसी नियुक्त किये गये।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन दिल्ली में सम्पन्न

विश्व आयुर्वेद परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का अधिवेशन नई दिल्ली में 12 एवं 13 अक्टूबर 2019 को सम्पन्न हुआ। कार्यकारिणी के प्रथम सत्र में उद्घाटन समारोह एवं परिचय सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रो0 पी. बी. वेंकटाचार्य, ब्रजेन्द्र मोहन गुप्ता, अध्यक्ष; डॉ0 अश्विनी भार्गव, महासचिव; डॉ0 बलदेव धीमान, उपाध्यक्ष एवं कुलपति, श्रीकृष्ण आयुर्वेद विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र मुख्य रूप से उपस्थित रहें। द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय बैठक एवं वृत्त संकलन का दायित्व डॉ0 गोविन्द शुक्ल, शिक्षक प्रकोष्ठ; डॉ0 शिवादित्य ठाकुर, सचिव; डॉ0 के0 के0 द्विवेदी, राष्ट्रीय सम्पर्क प्रमुख; डॉ0 नितीन अग्रवाल, सचिव; प्रो0 महेश व्यास, उपाध्यक्ष; डॉ0 सुरेन्द्र चौधरी, केन्द्रीय कार्यालय प्रभारी आदि ने निर्वहन किया। तृतीय सत्र में सांगठनिक कार्यशाला तथा चतुर्थ सत्र में प्रकल्प प्रमुखों के द्वारा गतिविधियों की जानकारी दी गयी। विद्यार्थी प्रकोष्ठ का प्रतिनिधित्व डॉ0 आशुतोष द्विवेदी, शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रतिनिधित्व डॉ0 नरेश भार्गव ने किया। सरकारी योजना, शिक्षा, अनुसंधान, औषधि निर्माण, सम्पर्क की चर्चा पंचम सत्र में हुई जिसमें डॉ0 योगेश पाण्डेय, डॉ0 प्रेमानन्द राव, डॉ0 सुरेश जखोटिया, डॉ0 निरंजन जखोटिया, वैद्य दिव्यानन्द गिरि दीदीजी,

डॉ0 पवन शर्मा, वैद्य सत्य प्रकाश शर्मा, डॉ0 राजीव लोचन दास, उमापद लुआंग, डॉ0 सी. पी. शर्मा, आदि ने किया। समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ0 दिनेश जी, पालक अधिकारी ने किया। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कार्य के प्रति समर्पण, निरंतरता, सेवा भाव, अनुशासन तथा अन्य आवश्यक गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

वर्ष 2022 में परिषद् की रजत जयन्ती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया, जिसमें परिषद के न्यूनतम 25 आयामों के बारे में संकल्प लिया गया। इसके इतर विभिन्न गतिविधियों यथा चरक वंनाचल यात्रा, चरक डांडा यात्रा, व्यक्तित्व विकास शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, कौशलम्, स्मृति व्याख्यान, निबन्ध प्रतियोगिता, लक्ष्य, पत्रिका, कार्यशाला, अभ्यास वर्ग, अध्ययन मण्डल, व्याख्यान, चिकित्सालय, शिष्ययोपनयन आदि कार्यक्रमों की विशद चर्चा की गयी। वित्त प्रबन्धन का सत्र सी0ए0 जितेन्द्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 ज्वाला प्रसाद मिश्र, डॉ0 रजनी सुषमा, डॉ0 सी0 एल0 उपाध्याय, डॉ0 विभुकान्त, डॉ0 के0 सम्पत कुमार, डॉ0 सुभाष श्रीवास्तव, डॉ0 एन0 के0 सिंह, डॉ0 बी0 किशन, डॉ0 सामी रेड्डी, डॉ0 गोविन्द गुप्ता, डॉ0 पी. एस0 पाण्डेय, डॉ0 राम अवतार, डॉ0 एम0 डी. दूबे, डॉ0 जितेन्द्र, डॉ0 वैभव कुलकर्णी, डॉ0 बलदेव बग्गा, डॉ0 अनिल शुक्ला, डॉ0 आशुतोष दुबे, डॉ0 चन्द्रचूड़ मिश्र, डॉ0 निधि शर्मा, की सहभागिता रही। पूरे अधिवेशन का संयोजन प्रो0 मनुभाई गौड़, डॉ0 महेश कुमार, डॉ0 जितेन्द्र वार्षिकया, एवं उनकी टीम के सदस्य डॉ0 अविनाश, डॉ0 अजय, डॉ0 दीपक, डॉ0 विभूकान्त, डॉ0 मूलाराम, डॉ0 रवि, डॉ0 प्रतीक, डॉ0 मोहित, डॉ0 राहुल आदि के द्वारा सम्पन्न हुआ। 15–16 फरवरी को रोहतक में शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय संगोष्ठी की तिथि निश्चित की गयी।

Southern State Seminar, Executive body meeting and National core committee meeting organized at Hyderabad

On 25th - 26th August 2019 Vishwa Ayurved Parishad Telangana unit has organized one day National Seminar (Pranabhisara-2019) on Dermatology and Clinical Immunology and Ayurveda along with CME on Emergency management in Ayurveda. Prof. S. N. Ojha, Dr. Anuj Jain etc. were the resource person of the seminar. Vishwa Ayurved Parishad South India states executive committee and national core committee meeting also held on 26th August 2019.

Sri Etda Rajendra, Minister of Health & Family welfare, Govt. of Telangana, Sri Vikram Singh, Director, Ministry of AYUSH, Govt. of India, Smt. Dr. Alagu Vasthundi, Director, Deptt. of AYUSH, Govt. of Telangana and Vd. Ramakrishna, Vice Chancellor, SVYASA University and Vice President CCIM, graced the occasion. Other guests were Dr. Mallu Prasad and Dr. B. Kishan, CCIM Member from Telangana, Dr. Vinod Kumar, President VAP and CCIM Member from Kerala, Prof. P. B. Venkatacharya, Dr. A. Sammi Reddy, Dr. Premanand Rao, Dr. Vijay Ganesh Reddy, Dr. A. Sridhar Anishetty and their team organized this mega event with the presence of 700 delegates from 5 states such as Telangana, Andhra Pradesh, Karnataka, Tamil Nadu and Kerala on 26th August. VAP Executives from southern state and central VAP core committee discussed the detailed program for future. It was decided that in 2020 a National Seminar will be organized in Bangalore.

Instruction to Authors

- The Journal of Vishwa Ayurveda Parishad (JVAP) is the official reviewed journal of Vishwa Ayurveda Parishad having ISSN Number 0976-8300. The journal accepts original work in the field of Ayurveda and related topics. Now the journal is available online at www.vishwaayurveda.org
- Only original contribution in various areas of study related to Ayurveda such as literary, fundamental drug, research, review articles, clinical research and book review etc. are accepted.
- The script should by computerized typewritten, double spaced, only one side of the sheet.
- The sheets should be of A4 size. The medium of articles may be in English, Sanskrit and Hindi.
- All pages (except the title page) should be numbered consecutively in Arabic numerals (such as 2, 3, 4,.....) at the center top of each page.
- The paper should be submitted in hard and soft copy **(Microsoft Word & PDF)** both.
- Author should use **Krutidev 010 for Hindi, Sanskrit and TimesNewRoman for English** articles.
- Author should send one copy of paper by e-mail.
- Each article should preferably be divided into following broad sections (i) Abstract, (ii) Key words, (iii) Introduction (iv) Methods and Materials, (v) Result, (vi) Discussion, (vii) Conclusion, (viii) Acknowledgment and Reference/bibliorgaphy.
- The article/paper should be of minimum 800 words and maximum 2500 words.
- The authors are advised to mention their names, in the form in which they want them to appear in print just after the title along with e-mail.
- The authors must write their full name, designation, official address, permanent address, with pin code, phone/mobile number and email address in last of paper.
- Received articles will be evaluated by three referees before publication.
- The name of the authors mentioned in references or bibliography are to be put in following way surname then first and second name.
- Photograph, illustration, table, maps, graphs, should be given only when they are necessary. They should be numbered in Arabic numerals
- Maximum THREE name will be included in one article as author.'

Correspondence Address

Dr. Ajay Kumar Pandey
Deptt. of Kaya Chikitsa
Faculty of Ayurveda
B.H.U., Varanasi-221005
Contact : 9452827885

E-mail - drajaipandey@gmail.com
dwivedikk@rediffmail.com
vapjournal@rediffmail.com
rebellionashu@gmail.com
manish.arnav@gmail.com